**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 17.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. उच्चतम न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम की याचिकाओं पर आज फिर होगी सुनवाई, झारखंड भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों से मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच कराने की मांग की।
2. मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू, भाजपा ने कहा– सैर सपाटा करने जा रही है सरकार, कांग्रेस ने कहा–निवेशकों को झारखंड लाने की कर रहे कोशिश।
3. केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडिवया आज राजधानी रांची में 220 बेड वाले नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल का करेंगे उद्‌घाटन।
4. विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को बताया खर्चीला, झारखंड के लिए कम खर्च पर संसाधनयुक्त शिक्षण संस्थानों पर दिया जोर।
5. राजधानी रांची में कल से शुरू होगी झारखंड राज्य पावरलिफ्टिंग तथा बेंच प्रेस प्रतियोगिता, आज शाम खिलाड़ियों के वजन की होगी जांच।

***************************

उच्चतम न्यायालय में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फिर सुनवाई होगी। न्यायालय ने कल सुनवाई करते हुए कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया। केंद्र ने शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलीलें तैयार करने के लिए और समय मांगा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ इन याचिकाओं की सुनवाई कर रही है।

न्यायालय ने कहा है कि जब तक इस कानून पर सुनवाई हो रही है तब तक वक्फ के रूप में घोषित संपत्तियों को गैर–अधिसूचित नहीं किया जाना चाहिए, चाहे वे वक्फ–बाय–यूजर हों या वक्फ बाय डीड हो।

***************************

झारखंड भाजपा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने की मांग की है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उपद्रवियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वीडन और स्पेन रवाना होने से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह सरकार पर सैर सपाटा पर जाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार विदेशी निवेशकों को झारंखड लाने की कोशिश कर रही है।

***************************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज राजधानी रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल का उद्‌घाटन करेंगे। यह

अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी रांची के नामकुम में 19 और 20 अप्रैल को होनेवाले एयर शो की तैयारियों का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची वासियों को भारतीय सेना के जवानों के शौर्य और कौशल को करीब से देखने का मौका मिलेगा।

**************************

मिश्रित वैश्विक संकेतों के कारण आज सेंसेक्स में 76 अंकों की गिरावट आई और निफ्टी 23,401 पर खुला। हालांकि, दोपहर के कारोबार में बाजार में काफी उछाल आया। सेंसेक्स 586 अंकों की बढ़त के साथ 77,631 पर पहुंच गया, जबकि 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक चढ़कर 23,590 पर कारोबार कर रहा था।

**************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

**************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जवानों के बलिदान को याद किया।

**************************

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को खर्चीला बताते हुए झारखंड के लिए कम खर्च पर संसाधनयुक्त शिक्षण संस्थानों पर जोर दिया है। श्रीमहतो बाकारो के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**************************

नीति आयोग द्वार निर्धारित सूचकांकों में वृद्धि को लेकर सिमडेगा जिले में विशेश जोर दिया जा रहा है।

**************************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- गुमला जिला के बोरोपानी गांव में 10–10 केवी के दो सोलर पैनल प्लांट के माध्यम से बिजली पहुंचाई जा रही है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर लगे सोलर पैनल से लगभग 40 घरों को बिजली मिलेगी।
- रांची के अड़की थाना क्षेत्र में तमाड़–खूंटी मुख्य सड़क पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई।
- सरायकेला–खरसावां में श्रीकलापीठ द्वारा एक खास कार्यक्रम पेश किया गया जिसमें कोरिया से आयी तीन सदस्यीय टीम शामिल हुई।

**************************

मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, सिमडेगा और गुमला को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में आज बादल गर्जन और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं अगले पांच दिनों तक बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**************************

राजधानी रांची में कल से झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग तथा बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से लगभग ढाई सौ खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर आज शाम खिलाड़ियों के वजन की जांच की जायेगी।

*******************